दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 27 दिसंबर 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 90

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो मालगाड़ियों में हुई टक्कर, असिस्टेंट ड्राइवर हुआ घायल

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के सिमडेगा जिले के बानो में हटिया- बंडामुंडा रेलखंड के कुरकुरा रेलवे स्टेशन के निकट दो मालगाड़ियों में टक्कर होने से एक असिस्टेंट ड्राइवर घायल हो गया है। वहीं इस लाइन से गुजरने वाली कई ट्रेनों का परिचालन स्थगित किया गया है और वहीं कुछ ट्रेन के मार्ग बदले गए हैं। घटना बीती रात की है। रेलवे सूत्रों के अनुसार कुरकुरा स्टेशन की लाइन नम्बर तीन पर रांची की ओर से मालगाड़ी आ रही थी। इसी दौरान राउरकेला से बानो होते हुए राँची की ओर जानेवाली मालगाड़ी भी सिग्नल तोड़ते हुए तीन नम्बर लाइन में ही आ गई और दोनों ट्रेन में आमने सामने टक्कर हो गई। घायल असिस्टेंट ड्राइवर को इलाज के लिए रांची ले जाया गया है।

### कर्नाटक में 28 दिसंबर से 10 दिन के लिए रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक सरकार ने 28 दिसंबर से 10 दिन के लिए 'रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है, जो रात 10 बजे से तड़के 5 बजे तक लागू रहेगा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के सुधाकर ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के बढ़ते खतरे के बीच नववर्ष पर आयोजित होने वाले समारोहों पर भी कुछ प्रतिबंधों की घोषणा की है। सुधाकर ने बताया कि 28 दिसंबर से रात 10 बजे से तड़के पांच बजे तक 10 दिन के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू करके ''रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता वाली मंत्रियों, अधिकारियों और कोविड तकनीकी सलाहकार समिति की उच्च स्तरीय बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि नववर्ष पर समारोह आयोजित करने और लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। बोम्मई ने कहा, ''बाहरी परिसरों पर खासकर डीजे का इस्तेमाल करने वाले उन समारोहों पर प्रतिबंध रहेगा, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना होगी। मंत्री ने कहा कि भोजनालयों, होटल, पब और रेस्तरां में परिसर की क्षमता के 50 प्रतिशत लोगों को ही बैठने की अनुमति होगी।

### देश में ओमीक्रोन के 422 मामले सामने आए!

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कोरोना वायरस के नये स्वरूप 'ओमीक्रोन के अब तक 422 मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इनमें से 130 लोग स्वस्थ हो गए हैं या विदेश जा चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, ओमीक्रोन के सर्वाधिक 108 मामले महाराष्ट्र में सामने आए हैं। इसके बाद दिल्ली में 79, गुजरात में 43, तेलंगाना में 41, केरल में 38, तमिलनाडु में 34 और कर्नाटक में 31 मामले सामने आ चुके हैं। मंत्रालय के सुबह के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-10 के 6,987 नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामले 3,47,86,802 हो गए हैं। इस दौरान 162 मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 4,79,682 हो गई है। इस महामारी से जिन 162 मरीजों ने पिछले 24 घंटे में जान गंवाई है, उनमें से 115 की मौत केरल में और 12 की महाराष्ट्र में हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।

### अभिनेता सलमान खान को पनवेल के फार्महाउस पर सांप ने काटा

**» ज़हरीला न होने के कारण बची जान**

**मुंबई (आरएनएस)।** अभिनेता सलमान खान को पड़ोसी रायगढ़ जिले में पनवेल के समीप उनके फार्म हाउस में एक सांप ने काट लिया। गनीमत यह रही कि सांप जहरीला नहीं था। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि सांप ने शनिवार रात को सलमान के हाथ पर काट लिया। अभिनेता को नवी मुंबई के कमोठे में स्थित एक अस्पताल ले जाया गया और रविवार सुबह उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। उन्होंने बताया कि सलमान की हालत अब स्थिर है और वह मुंबई में वापस अपने घर आ गए हैं।

# रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 दिसंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ, में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्थापित रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र तथा ब्रह्मोस विनिर्माण केंद्र की आधारशिला रखी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इन दोनों इकाइयों की आधारशिला रखी गई। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपी डीआईसी) में रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण कलस्टरों के विकास में तेजी लाने के लिए लगभग 22 एकड़ में फैले अपनी तरह के पहले रक्षा प्रौद्योगिकी और परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी) की स्थापना की जा रही है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा घोषित ब्रह्मोस विनिर्माण केंद्र, यूपी डीआईसी के लखनऊ नोड में एक अत्याधुनिक फैसिलिटी है। यह 200 एकड़ से अधिक क्षेत्र को कवर करेगी और नए




ब्रह्मोस-एनजी (अगली पीढ़ी) संस्करण का उत्पादन करेगी, जो ब्रह्मोस हथियार प्रणाली को आगे बढ़ाएगी। यह नया केंद्र अगले दो से तीन वर्षों में तैयार हो जाएगा और प्रति वर्ष 80-100 ब्रह्मोस-एनजी मिसाइलों की दर से उत्पादन शुरू करेगा।

डीआरडीओ और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों को बधाई देते हुए, राजनाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों इकाइयां राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा उत्पादन के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा, अत्याधुनिक सुविधाएं रक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों की स्थापना से राजस्व सृजित होगा; युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित आत्मनिर्भर भारत को अर्जित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, मेक फॉर इंडिया और मेक फॉर वर्ल्ड का संदेश विश्व स्तर पर भेजा गया है।

भारत के इतिहास का स्मरण करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा, हम कभी भी हमलावर नहीं रहे हैं, लेकिन विद्वेषपूर्ण इरादों के साथ किसी भी राष्ट्र के विरुद्ध अपने नागरिकों की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली का उद्देश्य एक निवारक के रूप में कार्य करना है। उन्होंने कहा, यह प्रणाली न केवल भारत और रूस के बीच तकनीकी सहयोग को प्रतिबिम्बित करती है, बल्कि लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक, राजनीतिक और राजनयिक संबंधों को भी दर्शाती है। उन्होंने ब्रह्मोस को दुनिया का सबसे अच्छा और सबसे तेज सटीक-निर्देशित हथियार करार दिया, जिसने 21वीं सदी में भारत की विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत किया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस ने सशस्त्र बलों को सशक्त बनाया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सैन्य प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। ब्रह्मोस-एनजी के बारे में उन्होंने कहा कि यह अधिक उन्नत मिसाइल प्रणाली है जिसने भूमि, पानी और हवा में अपनी मारक क्षमता साबित कर दी है तथा आने वाले वर्षों में भारतीय सेना की आधुनिक युद्ध क्षमता को काफी मजबूत करेगी।

## पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी, उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश का अलर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पहाड़ों से मैदानी इलाकों तक सर्दी का कोहराम है। पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी हो रही है तो वहीं मैदानी इलाकों में कोहरे और शीतलहर का सितम है। दार्जिलिंग के संदकपुर और चटकपुर इलाकों में बर्फबारी हो रही है। उत्तराखंड का औली छत्रा कुंड इस समय पूरी तरह से फ्रीज हो चुका है। पारा इतना गिर गया है कि पानी जमने लगा है। हालांकि, नए साल के जश्न के लिए औली में भारी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं।

इसी बीच मौसम विभाग ने कई राज्यों में रविवार से मौसम में बदलाव आने का अनुमान जताया गया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 26 दिसंबर से जम्मू-कश्मीर और आस-पास के क्षेत्रों को प्रभावित करना शुरू कर देगा।

इसके चलते पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश और बर्फबारी होगी, जो 28 दिसंबर तक जारी रह सकती है। उत्तर पश्चिमी राजस्थान और आसपास के इलाकों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। इसके चलते 26 से 28 दिसंबर के बीच राजस्थान के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों, पंजाब-हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

इसके अलावा बारिश की गतिविधियां बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों और 28-29 दिसंबर को विदर्भ के अलग-अलग हिस्सों में होंगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी भारत में 28 दिसंबर तक न्यूनतम तापमान सामान्य के करीब या सामान्य से थोड़ा अधिक रहने की संभावना है। कश्मीर में अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट बनी हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने रविवार से अगले दो दिनों तक केंद्र शासित प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

## 5-18 वर्ष के बच्चों को भी वैक्सीन लगाने का फैसला कोरोना की जंग की जीत के प्रति एक और सराहनीय कदम : भाजपा

**नई दिल्ली ( आरएनएस) ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से एकजुट होकर भारत कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ी है उसका श्रेय प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व को जाता है। आज अगर दिल्ली में सभी अनिवार्य लोगों को पहला डोज पूर्ण रुप से पूरी की गई है, तो वह सिर्फ मोदी सरकार के कारण मुमकीन हो पाया है। आज प्रधानमंत्री के 'मन की बात' का 84वां एपिसोड सुनने के बाद गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय में 15 से 18 वर्ष के बच्चों को भी वैक्सीन लगाने का फैसला तेजी से कोरोना पर हमारी जीत तय करने के लिए एक और पहल है। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता सहित भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली प्रदेश की सह-प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, प्रदेश भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा योगिता सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासु रुखड़, प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष कौशल मिश्रा, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष भूपेन्द्र गोठवाल, प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संतोष पाल, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद कारी हारुन सहित अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भारी बर्फबारी के बाद सिक्किम में चीन सीमा के पास फंसे हजार से ज्यादा पर्यटक, सेना ने बचाई जान

**सिलीगुड़ी (आरएनएस)।** पूर्वी सिक्किम में भारत-चीन सीमा के पास क्रिसमस पर छुट्टी मनाने पहुंचे एक हजार से अधिक पर्यटकों की जान आफत में फंस गई। नाथुला में चांगू झील के पास भारी बर्फबारी की वजह पर्यटकों का यहां से निकलना मुश्किल हो गया। सेना यहां मसीहा बनकर पहुंची और बेहद मुश्किल ऑपरेशन के जरिए सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

भारी बर्फबारी की वजह से सिक्किम के चांगू झील के पास



सैकड़ों की संख्या में पर्यटक काफी देर तक फंसे रहे। भारी बर्फबारी की वजह से शनिवार को जवाहर लाल नेहरू रोड बंद हो गया। इसके बाद सैकड़ों पर्यटक चांगू झील के पास फंस गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सेना ने उन्हें बचाया और रात के समय अपने शिविरों में रहने की जगह दी। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह मौसम में मामूली सुधार हुआ है। पर्यटकों को छोटे-छोटे समूहों में बांटा गया है और सेना के जवान उन्हें करीब 40 किलोमीटर दूर गंगटोक पैदल पहुंचने में मदद की।

अधिकारियों ने बताया कि अंतिम खबर मिलने तक बचाव अभियान जारी था और इसके सोमवार तक जारी रहने की संभावना है क्योंकि सैकड़ों की संख्या में पर्यटक क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान चीन से लगती भारत की सीमा के नजदीक सोंगमो या चांगू झील घूमने गए थे। उन्होंने बताया कि फंसे हुए पर्यटकों में 250 लोग कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं।

भारतीय सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पूर्वी सिक्किम में नाथुला के पास, जोकि चीन सीमा के नजदीक है, भारी बर्फबारी की वजह से 1027 पर्यटक फंस गए थे। सेना ने इन्हें यहां से निकाल लिया है।

## 30 प्रमुख सेक्टरों से जुड़े बड़े उद्योगों ने रोजगार मेलों में भाग लिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत 30 प्रमुख सेक्टरों के बड़े उद्योगों ने 17 से 23 दिसंबर, 2021 के बीच सात दिनों की अवधि में देश भर में आयोजित रोजगार मेलों में भाग लिया। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना (डीडीयू-जीकेवाई) कार्यक्रम के तहत आयोजित इन रोजगार मेलों को विभिन्न राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए) द्वारा सुगम बनाया गया था। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना (डीडीयू-जीकेवाई) को वैश्विक मानकों के अनुरूप वेतन प्लेसमेंट से जुड़े कार्यक्रमों के मानदण्ड निर्माण करने के एक महत्वाकांक्षी एजेंडे के साथ आरंभ



किया गया था। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 25 सितंबर, 2014 को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के रूप में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्लेसमेंट से जुड़े कौशल विकास कार्यक्रम को नया रूप दिया। डीडीयू-जीकेवाई भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित एक राष्ट्रव्यापी प्लेसमेंट से जुड़ा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है। वर्तमान में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में किया जा रहा है तथा इसमें 57 सेक्टरों में और 616 से अधिक रोजगार भूमिकाओं में प्रशिक्षण दे रही 877 से अधिक परियोजना कार्यावन्यन एजेंसियों की साझेदारी में 1891 परियोजनाओं में 2369 से अधिक प्रशिक्षण केंद्र हैं। कुल 11.15 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है और डीडीयू-जीकेवाई कार्यक्रम के तहत आरंभ किये जाने के बाद से 7.13 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है। डीडीयू-जीकेवाई कार्यक्रम या अन्य माध्यमों, दोनों के जरिए प्रशिक्षित लाखों नौकरी चाहने वालों ने रोजगार मेलों में भाग लिया। लगभग 278 से अधिक संगठनों की भागीदारी के साथ देश भर में लगभग 285 मेलों का आयोजन किया गया। भाग लेने वाली कुछ कंपनियों में अमेज़ॅन इंडिया, स्विगी, मेड प्लस, एक्सिस बैंक, किआ मोटर्स, इनोवसोर्स, फ्लिपकार्ट, नाना भारत फर्टिलाइजर्स, रिलायंस ट्रेंड्स, वेस्टसाइड, स्पेंसर्स, लीला होटल, जेडब्ल्यू मैरियट, बेंगलुरु, टीमलीज सर्विसेज आदि शामिल हैं।

भाग लेने वाले संगठन खुदरा, निर्माण, फार्मास्यूटिकल, विनिर्माण, ई-कॉमर्स, माइक्रोफाइनेंस, श्रमबल प्रबंधन, आईटी-आईटीई, ऑटोमोबाइल इत्यादि सहित 30 प्रमुख सेक्टरों/ट्रेडों से संबंधित थे। हजारों ग्रामीण युवाओं को देश की कुछ प्रमुख कंपनियों के साथ काम करने के लिए अवसर प्रदान किए जाने के साथ रोजगार मेले बहुत सफल रहे।

## पीएम आज हिमाचल प्रदेश के मंडी का करेंगे दौरा ,पनबिजली परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 दिसंबर 2021 को हिमाचल प्रदेश के मंडी का दौरा करेंगे। वह कल दोपहर करीब 12 बजे 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की पनबिजली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले वह लगभग 11¬30 बजे हिमाचल प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के दूसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

प्रधानमंत्री ने देश में उपलब्ध संसाधनों की अप्रयुक्त क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने पर लगातार ध्यान केंद्रित किया है। इस संबंध में एक कदम हिमालयी क्षेत्र में पनबिजली क्षमता का अधिकतम उपयोग करना है। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा परियोजनाओं का उद्घाटन करना और अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास करना इस दिशा में उनके एक महत्वपूर्ण कदम को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री रेणुकाजी बांध परियोजना का शिलान्यास करेंगे। लगभग तीन दशकों से लंबित पड़ी इस परियोजना को प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद की सोच से संभव बनाया गया। इस परियोजना को संभव बनाने के लिए केंद्र सरकार छह राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड और दिल्ली से बातचीत कर उन्हें एक साथ लायी।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने ओवरड्राफ्ट सुविधा आरंभ की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश की स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का समारोह मनाने के लिए 18 दिसंबर, 2021 को वर्चुअल माध्यम से ग्रामीण वित्तीय समावेशन पर संवाद नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बैकों के कार्यकारी निदेशकों, मुख्य महाप्रबंधकों/महाप्रबंधकों, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों/राज्य प्रबंध निदेशकों ने भाग लिया। ग्रामीण विकास मंत्रालय के



ग्रामीण आजीविकाओं के संयुक्त सचिव चरणजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, बैकों के साथ प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत डीएवाई ङ्क एनआरएलएम के तहत खाताधारी सत्यापित एसएचजी सदस्यों के लिए 5,000/- रुपये के ओवरड्राफ्ट की सुविधा ग्रामीण विकास विभाग के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा द्वारा लॉन्च की गई।

यह सुविधा वित्त मंत्री द्वारा 2019-20 के बजट भाषण में की गई उनकी घोषणा के अनुसरण में शुरू की गई है। तीन राज्यों यानी राजस्थान, झारखंड और उत्तर प्रदेश (प्रत्येक राज्य से दो-दो) से छह महिला एसएचजी सदस्यों को संबंधित राज्यों के राज्य मुख्यालयों में आयोजित समारोहों में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों/वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा योजना की शुरुआत के अवसर पर 5,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। अनुमान है कि डीएवाई-एनआरएलएम के तहत लगभग 5 करोड़ महिला एसएचजी सदस्य इस सुविधा से लाभान्वित होंगी।

इस ओडी सुविधा की शुरुआत के बाद, ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न पहलों को कवर करते हुए ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण आजीविकाओं की संयुक्त सचिव सुनीता केजरीवाल द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनरोत्थान पर एक प्रस्तुति दी गई और उन्होंने बैंकों से इस मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उनके ऋण उत्पादों को संयोजित करने का अनुरोध किया जिससे कि ग्रामीण लोगों को उनके लिए आजीविका का निर्माण करने के लिए ऋण उपलब्ध कराए जा सके तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को रूपांतरित करने में मदद की जा सके। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख वक्ताओं में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य महाप्रबंधक सुवसुधा भट्ट कुमार शामिल हैं, जिन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनरोत्थान करने में महिला उद्यमों की भूमिका पर चर्चा की। जीविका (बिहार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालमुर्गन डी तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक राजीव पुरी ने ग्रामीण जनता की वित्तीय शिक्षा - चुनौतियां और आगे का रास्ता पर अपने विचार व्यक्त किए।